85 लाख की अवैध शराब व एम.पी. का हथियार तस्कर पकड़ा

बीकानेर, (कासं)। जिला पुलिस की स्पेशल टीम व नापासर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 85 लाख की अवैध शराब पकड़ी है। वहीं बीकानेर क्षेत्र के खाजूवाला में पुलिस ने मध्यप्रदेश के हथियार तस्कर शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से पुलिस को दो पिस्टल और चार मैगजीन बरामद हुई ह

एसपी कावेन्द्र सागर के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में पंजाब निर्मित शराब की 92 पेटियां जब्त की गई। बताया जा रहा है कि अतिरिक्त पुलिस

- **नाकाबंदी के दौरान ट्रक का पीछा कर पंजाब निर्मित शराब की 92 पेटियां जब्त की गई**

जिला पुलिस की स्पेशल टीम व नापासर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 85 लाख की अवैध शराब सहित ट्रक चालक को गिरफ्तार किया।

अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रक का पीछा करके नाकाबंदी करते हुए आरोपी बाड़मेर निवासी मनोहर सिंह को पकड़ा। कार्रवाई करने वाली टीम में नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार, डीएसटी के एएसआई दीपक यादव, एएसआई जगदीश कुमार व कांस्टेबल रामकुमार भादू शामिल थे। कांस्टेबल रामकुमार की भूमिका विशेष रही।

बीकानेर क्षेत्र के खाजूवाला में पुलिस ने मध्यप्रदेश के हथियार तस्कर शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से पुलिस को दो पिस्टल और चार मैगजीन बरामद हुई है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम ने खाजूवाला पुलिस के साथ मिलकर की है। खाजूवाला थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि दो पिस्टल और 4 मैगजीन बरामद किए गए हैं। डीएसटी व खाजूवाला पुलिस ने मिलकर छापेमारी की है। जिसमें शिवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

इस दौरान उससे दो पिस्टल बरामद हुई। शिवा बीकानेर के बज्जू थाने का हिस्ट्रीशीटर के साथ मिलकर हथियार सप्लाई का काम करता है। साल 2024 में 12 हथियार और 40 राउंड के साथ बीकानेर पुलिस ने श्रवण सोडा को भी पकड़ा था। पुलिस ने शिवा के साथ ही समीर नामक एक युवक को भी दबोचा है। उससे भी पिस्टल और मैगजीन बरामद किए गए हैं। महज 19 साल का समीर खाजूवाला के वार्ड संख्या तीन का रहने वाला है। दरअसल बीकानेर की साइबर पुलिस पिछले कई दिनों से इन युवकों के पीछे लगी हुई थी। साइबर पुलिस के एएसआई दीपक कुमार यादव की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों को दबोचा। इन दोनों ने सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे से चैट की है। जिसमें हथियारों के बारे में चर्चा की गई। इसके बाद से दोनों पुलिस के रडार पर थे।

सिम दुरूपयोग मामले में जांच आगे नहीं बढ़ी : श्रीगंगानगर में साइबर फ्रॉड के लिए कंबोडिया में इस्तेमाल हुई 12 सिम के मामले में अभी पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक दो दिन पहले कंपनी की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले मैनेजर के बयान दर्ज हुए हैं। इस मामले में अभी आरोपी से पूछताछ भी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक सभी सिम अब डिएक्टिवेट हैं और इनका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। हालांकि आरोपी से पूछताछ होने के कारण जांच आगे नहीं बढ़ पाई है। जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की उम्मीद है।

रिकवरी के डर से 6,388 लोगों ने राशन लेना छोड़ा

श्रीगंगानगर,(कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राज्य सरकार की सख्ती व रिकवरी का डर श्रीगंगानगर जिले में भी दिखाई देने लगा है। जिले में बीते 12 दिनों में 6,388 लोगों ने गिव अप किया। इनमें दो हजार से अधिक लोगों ने तो बीते 4 दिनों में ही राशन लेने से मना कर दिया।

योजना के तहत गिव अप करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त थी। लोगों को लगा कि इसके बाद विभाग नाम सार्वजनिक करेगा। इसी डर से उन्होंने गिव-अप करने में ही अपनी भलाई समझी। जिला रसद विभाग ने समाचार पत्रों के माध्यम से भी अवगत कराया था कि जो लोग सक्षम हैं या आयकरदाता, चौपहिया वाहन स्वामी हैं वे समय रहते अपने आपको योजना से अलग कर लें। अन्यथा उनसे वर्ष 2016 से उठाये गए गेहूं की 29 रूपए प्रति किलो की दर से रिकवरी की जायेगी। विभाग के अनुसार 19 अगस्त को 9,1470 लोगों ने गिव अप किया हुआ था। 31 अगस्त तक 97,858 जनों ने गिव अप कर दिया है।

सरकार ने अभियान के तहत अंतिम तिथि में बढ़ोतरी करते हुए इसे 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। ऐसे में वे लोग जो अपात्र होते हुए भी योजना का लाभ उठा रहे हैं या जिन्होंने अब तक गिव-अप नहीं किया, वे समय रहते इस योजना से अपने आपको अलग कर सकेंगे। जिससे उन्हें रिकवरी और अन्य कानूनी पेचीदगियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि अब राज्य सरकार ने अभियान को दो माह और आगे बढ़ा दिया है। यानी 31 अक्टूबर तक योजना के तहत राशन से नाम हटवाए जा सकते हैं।

दादाबाड़ी में बड़ी पूजा व मेला 7 को

बीकानेर, (कासं)। श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में सकल श्रीसंघ के सहयोग उदयरामसर की करीब पौने तीन सौ साल प्राचीन दादा गुरूदेव जिनदत्त सूरी की दादाबाड़ी में 6 सितम्बर को भक्ति संगीत संध्या तथा 7 सितम्बर को दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा व प्रसाद तथा मेले का आयोजन होगा।

श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा ने बताया कि भक्ति संगीत संध्या, पूजा, प्रसाद व मेले का आयोजन जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला श्रीजी व शंखनिधि श्रीजी के सानिध्य में होगा। मेले की तैयारियां परवान पर है। मेले में जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ, तपागच्छ, पार्श्वचन्द्र गच्छ, तेरापंथ, साधुमार्गी संघ, शांत क्रांति संघ के श्रावक-श्राविकाएं हिस्सा लेंगे। अनेक श्रद्धालु ऊंटगाड़ों, पैदल व विभिन्न वाहनों से भक्ति संगीत संध्या व मेले में पहुंचेंगे।

श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा ने बताया कि उदयरामसर दादाबाड़ी सहित विभिन्न जिनालयों में जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य करवाए गए है। उदयरामसर दादाबाड़ी के गुम्बज की चित्रकारी को नयापन रूप दिया है। उन्होंने बताया कि उदासर के सुपार्श्वनाथ मंदिर, रांगड़ी चौक की बोहरों की सेहरी के भगवान महावीर स्वामी मंदिर, भगवान कुंन्थुनाथजी मदिर, बच्छावतों के चौक के भगवान वासु पूज्य स्वामी, रंग रोगन, ध्वजा के लिए सीढ़ियां लगवाई गई है तथा मरम्मत करवाई गई है।

सार-समाचार

कंप्यूटर के बारे में जानकारी दी

तकनीकी विवि के व्याख्याता ने स्कूली बच्चों को कम्प्यूटर साक्षरता की जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में गोद लिए गांव शोभासर व बडी ढानी, कुम्हारन, कानासर में कंप्यूटर साक्षरता पर व्याख्यान दिया गया। कुलगुरू डॉ. अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि गांव के विद्यार्थियों को जागरूक करना हमारा सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कंप्यूटर के बिना आज के समय की कल्पना करना भी मुश्किल है। यह हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है जो रोजमर्रा के कामों से लेकर दफ्तर अस्पताल आदि में भी काम आता है। इसलिए कंप्यूटर साक्षरता को हर व्यक्ति हर गांव तक पहुंचाना जरूरी है। भारत में कंप्यूटर साक्षरता बढ़ाने पर ध्यान दिया जा रहा है। क्योंकि यह आर्थिक विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसरों के लिए महत्वपूर्ण है। डिजिटल कौशल नौकरी के नए अवसर पैदा करते हैं और उद्यमिता को बढ़ावा देते हैं, जिससे आर्थिक विकास होता है। डॉ अनु शर्मा, डॉ प्रीति पारीक नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम संचालिका ने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। हर क्षेत्र में कंप्यूटर का इस्तेमाल बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजनेस, मनोरंजन, लगभग हर क्षेत्र में कंप्यूटर की जरूरत है। ऐसे में कंप्यूटर लिट्रेसी का होना बेहद जरूरी हो गया है। कंप्यूटर के बारे में जानकारी होने से व्यक्ति न केवल अपने रोज के कामों को आसानी से कर सकता है, बल्कि वह कई नए अवसरों का फायदा भी उठा सकता है। बी. टेक. छात्र कंप्यूटर साइंस, बीटीयू देवाशीष किवया, प्रीति सिंह और मीनल सोनी ने विद्यार्थियों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर कैसे काम करता है और ई-मेल के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि हम सूचना को दूसरे स्थान पर कैसे भेजते हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी भी दी। कंप्यूटर के दुरूपयोग के नुकसान के बारे में बताया।

प्रसूता की मौत पर अस्पताल में हंगामा

श्रीगंगानगर, (कासं)। विनोबा बस्ती स्थित श्री गोविंदम हॉस्पिटल में एक प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर व स्टाफ सदस्यों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश की। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली थाना में मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है। मृतका चंद्रमुखी (23 साल) पत्नी मनोज कुमार बींझबायला की निवासी थी। परिजनों का आरोप है कि चंद्रमुखी को गलत इंजेक्शन लगाने से मौत हुई है। प्रसूता की मौत होने पर हॉस्पिटल के सामने भीड़ इकट्ठी हो गई। परिजन हॉस्पिटल संचालक डॉक्टर व इंजेक्शन लगाने वाली नर्स को बुलाने की बात पर अड़ गए। हॉस्पिटल स्टाफ परिजनों को समझाने में लगा रहा लेकिन परिजन नहीं मानें। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश की। इलाज संबंधी दस्तावेज, सीसीटीवी फुटेज आदि मिलने पर परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए तैयार हुए। हॉस्पिटल संचालक डॉ. प्रमोद गोदारा ने बताया कि प्रसूता की मौत हार्ट अटैक से हुई है। उन्होंने बताया कि चंद्रमुखी की सभी रिपोर्ट्स सही थी। इन्हीं के आधार पर सिजेरियन किया गया था।

बारिश से कीचड़, गंदगी व टूटी सड़कों से हालात बदतर

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में बारिश ने आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जगह-जगह कीचड़ और गंदगी फैलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की टूटी सड़कों की हालत भयानक है।

- **बारिश के पानी के साथ नालों से बहकर आया कचरा और गंदगी सड़कों पर फैल रही है, जिससे संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है**
- **कई स्थानों पर सीवर लाइन जाम होने से उसका गंदा पानी भी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं**

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादूसंगत ने कीचड़, गंदगी, टूटी सड़कें की विकट स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस और विशेष ध्यान देना चाहिए। शहर की सड़कें, नाले, नालिया, डैमेज सिस्टम पर जिला प्रशासन को प्रभावी रूप से कार्य करना चाहिए। राहुल जादूसंगत ने बताया कि बारिश के पानी के साथ नालों से बहकर आया कचरा और गंदगी सड़कों पर फैल रही है, जिससे संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और तुरंत समाधान की मांग की। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जिन इलाकों में जलभराव की स्थिति अत्यधिक गंभीर है, वहां तत्काल राहत कार्य प्रारंभ किए जाएं। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज से पवनपुरी रोड, मेडिकल कॉलेज सर्कल, गोलपार्क, सूरसागर के पास, गिन्नाणी, नगर निगम रोड, तुलसी सर्कल, स्पोर्ट्स स्कूल से गजनेर रोड आरओबी, कोठारी अस्पताल रोड, पुलिस लाइन से रोशनी घर चौराहा रोड, फड़बाजार सहित अन्य कई क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर सीवर लाइन जाम होने से उसका गंदा पानी भी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। राहुल ने नगर निगम और जिला प्रशासन से समन्वयपूर्वक कार्य करने की मांग की है ताकि जल निकासी, सड़क मरम्मत, और सफाई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से दुरूस्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो शहरवासियों की परेशानी और बढ़ जायेगी।

5.5 लाख की डीसी केबल और कनेक्टर्स चोरी

नोखा, (कासं)। रासीसर स्थित पुनिया सोलर पावर प्लांट में चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्लांट के मालिक मुकेश कुमार विश्नोई ने नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

घटना 7 अगस्त की रात 11 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की है। चोर प्लांट की चारों तरफ लगी जाली को तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने प्लांट से 7500 मीटर डीसी केबल चुरा ली, जिसकी कीमत लगभग 5.5 लाख रूपए है। चोरों ने डीसी केबल और इनवर्टर को जोड़ने वाले एमसी 4 कनेक्टर्स को भी तोड़ दिया। इन कनेक्टर्स की कीमत करीब 1.4 लाख रूपए है। प्लांट पर रात में दो कर्मचारी हंसराज और धर्मपाल ड्यूटी पर थे। हंसराज ने बताया कि रात 11 बजे की निगरानी में कुछ नहीं मिला। सुबह 4 बजे जब दोबारा चैक किया तो चोरी हो चुकी थी। प्लांट में 5-6 लोगों के पैरों के निशान मिले हैं।

रंगदारी मामले में पांचवा आरोपी भी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। शिव चौक स्थित होटल संचालक से मारपीट कर 20 हजार रूपए की रंगदारी मांगने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांचवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में मोहनपुरा निवासी गुरभज सिंह उर्फ गुरी पुत्र गुरजंट सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले पुलिस मोहित राजपूत, कुलदीप खत्री निवासी लेबर कॉलोनी, जगतार सिंह और कुलविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में रवि नायक उर्फ कोकी व गुरभज सिंह उर्फ गुरी ही मुख्य आरोपियों में थे। रवि नायक उर्फ कोकी अभी फरार चल रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुरभज सिंह पुलिस से बचने के लिए चंडीगढ़ सहित अलग-अलग शहरों में छिपता रहा। ठिकाने बदलने के कारण पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय रखा।

पापात्माओं के साथ से पुण्य क्षीण होता है तथा पाप प्रवृत्ति बढ़ती है : मेहुल प्रभ सागर

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने बीकानेर की ढड्ढा कोटड़ी में मंगलवार को चार्तुमासिक प्रवचन में कहा कि पुण्य संचय करें तथा पापों का विसर्जन करें। पुण्यार्थी का साथ लेना व देना तथा पुण्य के लिए पुरूषार्थ करना चाहिए। पापात्माओं के साथ से पुण्य क्षीण होता है तथा पाप प्रवृत्ति बढ़ती है।



उन्होंने कहा कि क्षमा कल्याणजी महाराज के संदेशों का स्मरण दिलाते हुए तथा दो कहानियों के माध्यम से कहा कि पुण्यशाली के साथ रहने अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। वहीं पापियों के साथ रहने से पुण्य कमजोर व संकट आ सकता है। पाप का फल जरूर मिलता है। लोग हंसते-हंसते पाप कर्म करते हैं तथा रो-रोकर, कष्ट भोग कर उन्हें पापों का फल चुकाना होता है। पुण्य से सुख, समृद्धि व ऐश्वर्य बढ़ता है। वहीं पापों के उदय होने से व्यक्ति के चेहरे की हंसी समाप्त हो जाती है। उसके चेहरे की हवाईयां उड़ जाती है।

गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मंथन प्रभ सागर, मीत प्रभ सागर, साध्वी दीपमाला व शंख निधि के सानिध्य में आठ की तपस्या करने वाली तान्या पुत्री श्रीपाल-अनिता कोठारी तथा रिंकू बोथरा पत्नी कुश बोथरा का अभिनंदन मंजू धारीवाल, शर्मिला खजांची, खरतरगच्छ महिला परिषद की बीकानेर इकाई अध्यक्ष मनीषा खजांची, भावना बैद डागा ने किया। आठ दिन की तपस्या करने वाले रूपम राखेचा का वरघोड़ा 'खासोजी' के साथ निकला। तपस्वियों ने भगवान आदिनाथ, चिंतामणि व वैदों के व आसानियों के चौक के महावीर मंदिर में दर्शन किए। तपस्वियों के वरघोड़े में शामिल श्रावक-श्राविकाएं जैन धर्म व तपस्वियों का जयकारा लगा रहे थे। रूपम राखेचा का जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक पार्श्वचन्द्र गच्छ संघ की ओर से अभिनंदन किया गया।

पूर्व पार्षद दीपक अरोड़ा के घर पर हमला

बीकानेर, (कासं)। रामपुरा बस्ती में रात 2 पक्ष आमने-सामने हो गए। इनके बीच पहले पत्थरबाजी हुई और बाद में वाहनों में टक्कर हुई।

- **रामपुरा बस्ती में पूर्व पार्षद दीपक अरोड़ा के मकान पर देर रात हमला करने के लिए एक गाड़ी में भरकर कुछ युवक पहुंचे जिन्होंने पत्थरबाजी की**

देर रात तक रामपुरा क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा। पुलिस में रिपोर्ट दी गई है कि पूर्व पार्षद दीपक अरोड़ा के घर पर हमला किया गया था। हथियारों से लैस बदमाशों ने हमला किया, जिसके जवाब में पत्थर फेंके गए।

रामपुरा बस्ती में पूर्व पार्षद दीपक अरोड़ा के मकान पर देर रात हमला करने के लिए एक गाड़ी में भरकर कुछ युवक पहुंचे। इससे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावार भाग छूटे। हमलावारों ने पूर्व पार्षद का मकान घेर लिया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुरानी रंजिश के चलते हुए इस हमले के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में पूर्व पार्षद ने मुक्ताप्रसाद नगर थाने में हमले की रिपोर्ट दी है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025 RajKaj Ref No-17409333 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 2-9-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/16 के किला नं. 2 में भूखण्ड संख्या का माप 20'7½ गुणा 90 फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्रीमती सुनीता जग्गा पत्नी श्री अनिल कुमार जग्गा, निवासी 211 हॉमलैण्ड 1 फर्स्ट श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सुनीता जग्गा पत्नी श्री अनिल कुमार जग्गा, निवासी 211 हॉमलैण्ड 1 फर्स्ट श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर वके 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/16 के किला नं. 2 में भूखण्ड संख्या का माप 20'7½ गुणा 90 फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमने/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 17409333 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025 RajKaj Ref No-17409478 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 2-9-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/16 के किला नं. 2 में भूखण्ड संख्या का माप 20'7½ गुणा 90 फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्रीमती सुनीता जग्गा पत्नी श्री अनिल कुमार जग्गा, निवासी 211 हॉमलैण्ड 1 फर्स्ट श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सुनीता जग्गा पत्नी श्री अनिल कुमार जग्गा, निवासी 211 हॉमलैण्ड 1 फर्स्ट श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर वके 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/16 के किला नं. 2 में भूखण्ड संख्या का माप 20'7½ गुणा 90 फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमने/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 17409478 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियोजन/2025/1119 **विज्ञप्ति** दिनांक : 01/09/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 7, 8 के भूखण्ड माप 30'-0" गुणा 60'-0" फीट का आवासीय पट्टा संख्या 3017 दिनांक 06.01.2014 द्वारा श्री हरबन्स लाल पुत्र श्री मेहर सिंह निवासी वार्ड नं. 03, 21 एम.एल., श्रीगंगानगर (राज.) के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उपरोक्त वर्णितानुसार आवासीय भूखण्ड का वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रस्तावित भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजहोल्ड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/ जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित आवासीय भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर